
## एक नजर में

### मंदसौर विधायक विपिन जैन के प्रयासों से मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में 22.24 करोड़ रुपये के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत



**मंदसौर।** विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन के सतत प्रयासों से बजट सत्र के दौरान कुल 22.24 करोड़ रुपये की लागत से चार प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम स्वीकृति अंतर्गत पटेला गांव से व्हाया रीछालाल मुहा होते हुए सरसोद गांव तक 6 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 8.44 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। द्वितीय कार्य के तहत रामघाट से मंदसौर बायपास तक 2 किलोमीटर लंबी सड़क 2.40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होगी, जिससे शहर एवं आसपास के क्षेत्रों को सुगम यातायात सुविधा प्राप्त होगी। तृतीय स्वीकृति में राजाखेड़ी से मंदसौर बायपास तक 5.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 4.40 करोड़ रुपये वही चतुर्थ काबरा पेट्रोल पंप से राजाराम फैक्ट्री तक 4 किलोमीटर की सड़क 7 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी इन सड़को के बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा। इन सभी विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक विपिन जैन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री जेन विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु वे निरंतर प्रतिबद्ध है।

### प्रेम कुमार सुमन ने सीएमओ का कार्यभार संभाला



**मंदसौर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंदसौर के पद पर श्री प्रेम कुमार सुमन ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया है श्री सुमन के कार्यभार ग्रहण करते समय नगर पालिका के अधिकारीगणों, कर्मचारीगणों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेटकर शुभकामनाएं दी। श्री सुमन पूर्व में भी मंदसौर नगर पालिका के सीएमओ पद पर कार्य कर चुके हैं कार्यभार संभालने के पूर्व सीएमओ श्री सुमन ने नपाध्यगक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर से भी उनके कक्ष में पहुंचकर चर्चा की।

### सभी वर्गों को लेकर चलने वाला बजट है : भाजपा जिला महामंत्री सुराणा

**मंदसौर।** प्रदेश सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला भाजपा महामंत्री विजय सुराणा ने बताया कि सभी वर्गो को लेकर चलने वाला बजट है, इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है। बजट में नारी सशक्तिकरण का ध्यान रखा गया है तो वहीं बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा, श्रमिक, किसान, व्यापारी हर वर्ग के लिए कु छ न कुछ दिया है। लाड़ली बहनों के लिए 23,882 करोड़ के प्रावधान का ऐलान किया है जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। युवाओं के लिए 15 हजार शिक्षकों की भर्ती का ऐलान किया है इससे बेरोजगारी खत्म होगी वहीं प्रदेश में शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत होगा। 8वीं तक के बच्चों को फ्री टेट्रा पैक दूध देने की घोषणा बजट में की गई है। वित्त मंत्री ने एक बड़ी राहत देते हुए प्रदेश में कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। वित्त मंत्री देवड़ा ने जी राम जी योजना के लिए 10428 करोड़ और पीएम जनमन के लिए 900 करोड़ रुपए के प्रावधान का ऐलान किया। वहीं, 1 लाख किसानों को सोलर पंप देने की घोषणा की है इससे किसानों को बेहद मदद मिलेगी। इसके अलावा श्रम विभाग के लिए 1 हजार 335 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। सड़कों की मरम्मत के लिए 12690 करोड़, जल जीवन मिशन के लिए 4 हजार 454 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है।

# नारकोटिक्स टीम पर फायरिंग ! तस्कर फरार

- वाहन व हथियार जब्त, नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में देर रात चली कार्रवाई
- ग्रामीणों में दहशत; थाना प्रभारी पद रिक्त होने पर उठे सवाल

**पिपलियामण्डी।** ग्राम टकरावद में खड़पालिया मार्ग पर बीती रात्रि नारकोटिक्स विंग की टीम और संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों के बीच हुई फायरिंग की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देर रात तक स्थानीय स्तर पर घटना की आधिकारिक विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई, लेकिन ग्रामीणों ने फायरिंग की आवाज सुनने और मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनने की पुष्टि की है।

**सूचना पर घेराबंदी, पीछा करने के दौरान चली गोली:-** सूत्रों के अनुसार नारकोटिक्स विंग को क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध आवाजाही की सूचना प्राप्त हुई थी। इसी आधार पर टीम ने संदिग्ध वाहन की घेराबंदी की कोशिश की। बताया जा रहा है कि टीम द्वारा पीछा किए जाने पर तस्करों ने बच निकलने के प्रयास में फायरिंग कर दी। अचानक चली गोलियों से आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना मुख्य मार्ग पर हुई, जहां कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से लोगों को घटनास्थल से दूर रहने के निर्देश दिए। स्थिति को नियंत्रित करने के बाद क्षेत्र में तलाशी अभियान भी चलाया गया।

**तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार:-** घटनाक्रम के दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए बताया जा रहा है। लेकिन सूत्रों कहना है कि उनका वाहन पुलिस के कब्जे में आ गया है। वाहन से क्या बरामद हुआ है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रों का कहना है कि मौके से एक हथियार भी जब्त किया गया है।जब्त सामग्री को लेकर जांच जारी है।

### एसडीओपी ने की कार्रवाई की पुष्टि

मामले में मल्हारगढ़ एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि कार्रवाई नारकोटिक्स विंग द्वारा की गई थी। उन्होंने पुष्टि की कि प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है तथा एक बंदूक जब्ती में ली गई है। नारायणगढ़ थाना प्रभारी की पदस्थापना के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस विषय में पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जाएगा और शीघ्र निराकरण की प्रक्रिया की जाएगी। मामले को लेकर नारकोटिक्स विंग टीआई तेजेंद्रसिंह सेंगर से भी संपर्क साधा गया लेकिन उन्होंने भी काल रिसीव नही की। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। नारकोटिक्स की ओर से विस्तृत प्रेस नोट जारी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और स्थायी थाना प्रभारी की शीघ्र नियुक्ति की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### , व्यवस्था पर उठे सवाल :-

घटना नारायणगढ़ थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि लंबे समय से थाना प्रभारी का पद रिक्त होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वर्तमान में थाने का प्रभार संभाल रहे सब इंस्पेक्टर भारत भाभर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन वे काल रिसीव नही कर पाए।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में चोरी, तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। थाना प्रभारी के अभाव में निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ी है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि तस्करी गतिविधियों के चलते कई गांव प्रभावित हैं और समय-समय पर बाहरी एजेंसियों को कार्रवाई के लिए आना पड़ता है।



### मंदसौर में भाजपा ने एलईडी पर देखा मध्यप्रदेश बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को जिले के सभी संगठनात्मक मंडलों के साथ शहर के गांधी चौराहा पर मध्यप्रदेश बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बजट भाषण का प्रसारण किया गया।

इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक सिसौदिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ. सुषमा आर्य, मुकेश काला, जिला महामंत्री शिवराज सिंह राणा, विजय सुराना तथा नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपए का बजट प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा और विकासोन्मुखी बजट है। भाजपा नेताओं ने कहा कि बजट में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया है। गौशालाओं के लिए प्रावधान, किसानों के लिए 1 लाख सोलर पंप, प्राकृतिक खेती के लिए 1 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य और फसल बीमा हेतु 1300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



# सेमलिया हीरा में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**मन्दसौर।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला क्षय अधिकारी डॉ आर के द्विवेदी के मार्गदर्शन में आज बुधवार को ग्राम सेमलिया हीरा में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का शुभारंभ ग्राम पंचायत सेमलिया हीरा के सरपंच श्री रामनिवास सोलंकी द्वारा किया गया। कैंप में ए आई बेस्ड डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा जोखिम समूह वाले के चेस्ट एक्सरे किए गए।

सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर विजय कुमार नागौरे द्वारा उपस्थित जनसमूह को टीबी के प्रति सकारात्मकता व जागरूकता अपनाने की अपील की गई एवं टीबी शपथ दिलवाई गई। एक्सरे टेक्नीशियन विवेक तुगनावत द्वारा एक्सरे किए गए।

कैंप में क्षेत्र के पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आयुष चिकित्सक, सी एच ओ, ए एन एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**एक नजर** — सात दिवसीय आवासीय शिविर आयोजित

# विश्वविद्यालय का एनएसएस शिविर बना सेवा और जागरूकता की मिसाल

**मंदसौर।** रेवास देवड़ा गांव में मंदसौर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर का हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कर सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। अंतिम दिन स्वास्थ्य शिविर एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया।शिविर में पहले दिन विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई गई, रहने की व्यवस्था हेतु कमरों की साफ-सफाई की गई तथा शाम को गांव भ्रमण कर ग्रामीणों से चर्चा की गई। दूसरे दिन से नियमित दिनचर्या के अंतर्गत प्रभात फेरी, योग, स्वच्छता




अभियान, खेल गतिविधियां और समीक्षा बैठकें आयोजित की गई।तीसरे दिन पुस्तकालय को व्यवस्थित किया गया, बच्चों को पढ़ाया गया, विद्यालय में रंगाई-पुताई कार्य हुआ तथा जागरूकता रैली निकाली गई।चौथे दिन 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बालिका शिक्षा का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों के घर जाकर अभिभावकों से संवाद भी किया। पांचवे दिन बालाजी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा ग्रामवासी राकेश कुमावत द्वारा रात्रिभोज की व्यवस्था की गई।

छठे दिन राजू कुमावत के खेत पर सामुदायिक भोज आयोजित हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर का स्वागत कर ग्रामीणों से परिचय कराया गया। वहीं कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने कहा कि एनएसएस केवल गतिविधि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का सशक्त माध्यम है।

> सातवें दिन स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। दोपहर 3 बजे आयोजित समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेंद्र नाहटा एवं कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने प्रेरक संदेश दिए। कुलाधिपति नरेंद्र नाहटा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें मन लगाकर पढ़ाई कर बड़े सपने देखने चाहिए। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सेवा कार्यों के साथ-साथ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को सिद्ध किया है।

# नीमच

## एक नजर में

### बैक वाटर क्षेत्र में बढ़ी परेशानी, कार्रवाई पर उठे सवाल



**मनासा।** कुकडेश्वर ओर रामपुरा थाना अंतर्गत आने वाले गांव राजपुरा नलवा ढाणी सहित कुंडला खानखेड़ी में लगातार रेत माफिया सक्रिय हैं जो देर रात या सुबह-सुबह फाइटर द्वारा नदी से रेत निकालकर किनारे ले आते हैं और ट्रैक्टर द्वारा धड़ले से सुबह सवेरे और देर रात को आसपास ग्रामीण क्षेत्र ओर रामपुरा, कुकड़ेश्वर मनासा मे डिमांड अनुसार डंप कर देते हैं यहां तक की रेत माफिया इतने बेख़ौफ़ हो चुके हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में बैक वाटर के आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि रात दिन ट्रेक्टर तेजगति से दौड़ते है और ट्रैक्टर में लगे डीजे साउंड से तेज आवाज में गाने बजाए जाते है जिससे महिलाएं काफी परेशान होती है सड़क पर चल रहे आम लोगों ओर अन्य वाहनों को ये रेत माफिया साइड भी नहीं देते है क्षेत्र में लगातार नदीयो का सीना छल्ली कर रहे रेत माफिया निडर होकर रेत का कारोबार कर रहे हैं फिर भी प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहे है अभी भी नदी में लगभग 15 फाइटर चल रहे है पूर्व में हुई कार्रवाई से रेत माफिया और निडर हो चुके हैं माफिया कहते है कि वो तो एक औपचारिक कार्यवाही थी, हमारे लिए कुछ मायने नहीं रखती है।और बेफिक्र होकर हमारा काम करते हैं क्या प्रशासन इन माफियाओं से डरा हुआ है या राजनीतिक संरक्षण से यह माफिया फल फूल रहे है।

### नीमच के विकास के लिए में संकल्पित : मुख्यमंत्री



**नीमच।** नीमच विकास के लिए हर संभव मदद मेरी प्राथमिकता हैं नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने मंगलवार को म प्र विधानसभा में नीमच विधानसभा के जीरन तहसील के ग्राम बमोरा में कृषकों को ग्रिड के अभाव में आ रही परेशानियों के लिए बमोरा में नवीन 132/33 केवी ग्रिड की मांग मुख्यमंत्री से की, नीमच विधायक परिहार ने कहा कि इस ग्रिड की स्वीकृति से नीमच विधानसभा के लगभग 130 गांव के 3000 कृषक लाभान्वित होंगे उन्हें वोल्टेज समस्या नही झूझना पड़ेगा। इस अवसर पर विधायक परिहार ने जीबीएस बीमारी में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आर्थिक सहायता की मांग की, जिसे माननीय मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष स्वीकृति दी।समस्त समस्याओं के निराकरण के लिए नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने मुख्यमंत्री जी का आभार माना।

### उज्जैन चित्तौड़गढ़ ट्रेन का ठहराव जावद रोड स्टेशन पर हो

**नीमच।** ट्रेन संख्या 69231/69232 चित्तौड़गढ़ से उज्जैन के मध्य चलने वाली सवारी गाड़ी है, लेकिन उक्त ट्रेन का ठहराव मेल एक्सप्रेस ट्रेन की तरह केवल बड़े स्टेशन पर ही होता है जिससे इस क्षेत्र की आम गरीब एवं मध्यम वर्ग के यात्रियों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, जावद रोड स्टेशन से कई यात्री प्रति दिन रतलाम उज्जैन चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा के लिये यात्रा हेतु आना जाना बना रहता है। उक्त मांग बालकृष्ण गगरानी, जावद द्वारा करते हुवे बताया गया है की रेल विभाग द्वारा हमेशा यही तर्क दिया जाता है कि छोटे स्टेशन पर राजस्व पर्याप्त नहीं मिलने के कारण जावद रोड स्टेशन पर ठहराव नहीं दे सकते है, जब कि छोटे स्टेशन पर ठहराव राजस्व के लिए नहीं अपितु आम जनता की सुविधा के लिये दिया जाता है, अन्यथा आम गरीब एवं मध्यम वर्ग के यात्रियों को अधिक समय एवं धन देकर यात्रा करने पर मजबूर होना पड़ता है।

# श्रीनर्मदेश्वर-अचलेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति और फागुन रंगों की छटा

- सनातन एकता का दिखा अद्भुत संगम



**मनासा।** सनातन भक्ति और आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम मंगलवार को एक बार फिर देखने को मिला, जब सनातन सत्संग मंडल के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के विद्वान एवं युवा रामराष्ट्र आराधक संत श्री चेतनराम जी (उदयपुर) की प्रेरणा से आयोजित सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ का 74वां क्रम श्रीनर्मदेश्वर-श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुआ। सत्संग की विशेषता यह रही कि यहां आने वाला हर भक्त पूरे समय स्वयं को ईश्वर आराधना में समर्पित रखता है, न कोई जाति, न कोई भेदभाव, केवल सनातन भाव से एकाकार होने का अद्भुत दृश्य।

इस पावन आयोजन के लाभार्थी मालपानी परिवार रहे। कैलाश मालपानी, अशोक मालपानी, दिलीप मालपानी, सत्यनारायण मालपानी, राजेश मालपानी एवं योगेश मालपानी ने श्रीहनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और सत्संग का शुभारंभ किया। पिछले 74 पाठों से निरंतर जारी इस आध्यात्मिक क्रम में हर मंगलवार नगर के विभिन्न देवालयों में भारी संख्या में सनातन परिवार एकत्रित हो रहे हैं।

महाशिवरात्रि की अगली रात्रि और फागुन मास की होली की उमंग भी सत्संग में झलकती रही। भजन गायक राजकुमार मारु ने कैलाश के निवासी नमो बार-बार हो भजन से भोलेनाथ की स्तुति की। देवीलाल कुमावत ने फागुन आयो रे सांवलिया प्रस्तुत कर होली का उल्लास जगाया। अरुण झंवर ने श्रीहनुमान जी की भावपूर्ण झांकी का वर्णन किया तो गोपाल राठौर ने शिवजी संग होली के रंगों का चित्रण किया। विजय उपाध्याय ने एक दिन वो भोले भंडारी बनकर सुंदर नारी भजन से शिव लीला का बखान किया। कमल विजयवर्गीय ने होली की मस्ती भरे भजन से सभी को नृत्य करने पर विवश कर दिया, वहीं ओम सोनी ने जिन पर कृपा राम रे, वो पत्थर भी तिर जाते हैं भजन से श्रद्धा और विश्वास की भावना प्रकट की।

मंदिर में विराजित श्रीनर्मदेश्वर महादेव और श्री अचलेश्वर महादेव का मनोहारी श्रृंगार श्री राम मंदिर अयोध्या में विराजित श्रीराम लला तथा हनुमान गढ़ी के श्रीहनुमान जी के स्वरूप में किया गया। इस आकर्षक श्रृंगार के लिए कुमारी नंदनी टीकाकार का मालपानी परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

> अंत में सनातन सत्संग मंडल ने भव्य आयोजन के लिए लाभार्थी मालपानी परिवार एवं समस्त सनातन परिवार का आभार व्यक्त किया। साथ ही आगामी 75वां सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ 24 फरवरी, मंगलवार को प्रातः 8 बजे से श्रीखाटूश्याम मंदिर, सिल्वर सिटी में आयोजित होने की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया।



### लहसुन की बंपर आवक, भावों में नरमी से बढ़ी चिंता, लागत भी नहीं निकलने से किसान परेशान

**नीमच।** प्रदेश की प्रमुख लहसुन मंडियों में शामिल नीमच कृषि उपज मंडी में बुधवार को लहसुन की रिकॉर्ड आवक दर्ज की गई। सुबह से ही मंडी परिसर में ट्रैक्टर-ट्रॉली और वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। अनुमान के मुताबिक करीब 25 हजार बोरी लहसुन मंडी पहुंची।

**भावों में नरमी से बढ़ी चिंता -** बंपर आवक के कारण कीमतों में गिरावट देखने को मिली। सुबह की नीलामी में लहसुन 5000 से 8000 रुपए प्रति क्विंटल बिका, जबकि चुनिंदा बेहतर क्वालिटी के ढेर अधिकतम 9500 रुपए तक पहुंचे। किसानों का कहना है कि मौजूदा दरें लागत की भरपाई भी नहीं कर पा रहीं। किसानों के अनुसार इस बार बीज, सिंचाई, खाद, दवा और मजदूरी पर भारी खर्च आया है। नई और गीली लहसुन की अधिकता से बाजार पर दबाव बना हुआ है। उनका कहना है कि न्यूनतम 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर भाव मिलने पर ही खेती लाभकारी हो सकेगी।

**मंडी व्यवस्था पर सवाल-** आवक ज्यादा होने से व्यवस्थागत समस्याएं भी सामने आईं। किसानों ने आरोप लगाया कि वाहनों की लाइन में पारदर्शिता नहीं हैकृदेर से आने वाले वाहनों का माल पहले बिक रहा है, जबकि पहले पहुंचे किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

**सरकार से हस्तक्षेप की मांग-** किसानों ने लहसुन के निर्यात को बढ़ावा देने, मंडी में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने और उचित समर्थन मूल्य जैसी व्यवस्था की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर कदम नहीं उठाए गए तो उत्पादक हतोत्साहित होंगे। बंपर उत्पादन जहां क्षेत्र की खेती की क्षमता दिखाता है, वहीं उचित दाम न मिलना अन्नदाता की चिंता बढ़ा रहा है।

**एक नजर** — बस स्टैंड, सीआरपीएफ रोड, श्मशान मार्ग, टैगौर मार्ग, मीना बाजार में कब्जे

# गुमटियों की गिरफ्त में नीमच ! कार्रवाई ढही, सिस्टम नतमस्तक

**नीमच।** सवाल सीधा है शहर गुमटियों में समा गया है या गुमटियां शहर को निगल रही हैं नीमच में अवैध गुमटियों पर चली हालिया मुहिम अब फिर कटघरे में है। नगर पालिका ने लाव-लश्कर के साथ अभियान छेड़ा, जेसीबी गरजी, नोटिस थमाए गए, तस्वीरें खिंचीं लेकिन कुछ ही दिनों में वही गुमटियां फिर उसी जगह तनकर खड़ी हैं।

बस स्टैंड, सीआरपीएफ रोड, श्मशान मार्ग, टेगोर मार्ग, मीना बाजार हर मोर्चे पर कार्रवाई का शोर हुआ। पर नतीजा नगरपालिका डाल-डाल चली, कब्जाधारी पात-पात। कार्रवाई की सुर्खियां बनीं, पर जमीन पर कब्जे फिर तन गए जस के तस।



**हटे, फिर जमे दोगुनी रफ्तार से**

सीआरपीएफ रोड से हटाई गई गुमटियां दूसरे ही दिन सजी-धजी लौट आईं। मुक्तिधाम रोड पर निर्माण में बाधा बनी टपरियां पहले एक तरफ थीं, अब दोनों ओर अधिक संख्या में कतार में। बस स्टैंड पर हटाने पहुंची टीम के बाद फिर वही नज़ारा। सवाल उठता है क्या यह अभियान था या औपचारिकता

**दुग्ध पार्लर के नाम पर सब कुछ-** शहर में कई गुमटियां दुग्ध पार्लर के नाम पर हैं, पर वहां दूध नदारद लेकिन चाय, सिगरेट, गुटखा, गैरेज, टपरी सब कुछ खुलेआम बिक रहा है। नियम किताबों में हैं, ज़मीन पर नहीं।

**बेरोजगारी या प्रभाव का कवच-** सूत्र बताते हैं कई गुमटियां रसूख के नाम पर खड़ी हैं। राजनीतिक संबद्धता, सामाजिक पहचान, छात्र राजनीति इन सबके साये में नोटिस ठंडे पड़ जाते हैं। खरीद-फरोख्त, किराए और वसूली की भी चर्चाएं तेज़ हैं। असर यह कि नामी ने रखी तो पास ही आम भी रख दे प्रशासन हटाएगा नहीं। पीजी कॉलेज के सामने नोटिस देकर कदम पीछे खींच लेना इस मॉडल की मिसाल बन गया है। प्रभाव पड़ा तो कार्रवाई रुकी यह संदेश शहर में तेजी से फैला है।

### जवाब मौन

इस पूरे मामले में नगर पालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया से संपर्क का प्रयास किया गया, पर कॉल रिसीव नहीं हुई। खबर लिखे जाने तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली। मुद्दा साफ है : अगर अभियान सच में था तो गुमटियां फिर कैसे लौटीं और अगर लौटनी ही थीं, तो हटाने का शोर क्यों।